GM-02

ओ. एम. आर. उत्तर पत्रक पर आधारित

प्री–बोर्ड परीक्षा

समय : 3.00 घंटे कक्षा–10 पूर्णांक : 20+50 = 70

विषय–गृह विज्ञान

नोट : (क) यह प्रश्न पत्र दो खण्डों 'क' एवं 'ख' में विभाजित है।

(ख) खण्ड 'क' में बहुविकल्पीय प्रश्न तथा खण्ड 'ख' में वर्णनात्मक प्रश्न हैं।

(ग) बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर OMR शीट पर तथा वर्णनात्मक प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका पर दीजिए।

खण्ड–अ

1. आय–व्यय का संतुलन बनाए रखने के लिए किसकी आवश्यकता पड़ती है– 1

(अ) बचत (ब) बजट

(स) ब्याज (द) बैंक

2. घर की बचत करने के लिए निम्न में से सबसे अच्छा विकल्प है– 1

(अ) डाकघर (ब) बैंक

(स) (अ) तथा (ब) (द) निजी एंजेसी

3. हैजा किस जीवाणु द्वारा फैलता है– 1

(अ) टिटैनी (ब) विब्रियो कॉलेरी

(स) टाइफी (द) बैसीलरी

4. वृक्षारोपण आवश्यक है– 1

(अ) स्वच्छ वायु के लिए (ब) मिट्टी का कटाव रोकने हेतु

(स) भूमिगत जल स्तर में वृद्धि के लिए (द) उपर्युक्त सभी के लिए

5. एक दर्जन पेन्सिल रू. 36 की है तो एक पेन्सिल का मूल्य क्या होगा– 1

(अ) रू. 4 (ब) रू. 2

(स) रू. 6 (द) रू. 3

6. विश्व शौचालय दिवस किस तिथि को मनाया जाता है– 1

(अ) 19 नवम्बर (ब) 19 मार्च

(स) 18 नवम्बर (द) 19 जून

7. संक्रामक रोग फैलते हैं– 1

(अ) वायु द्वारा (ब) जल द्वारा

(स) सम्पर्क द्वारा (द) ये सभी

P.T.O.

PDF Hindustanknowledge.com

8. विश्व पर्यावरण दिवस किस दिन मनाया जाता है– 1

(अ) 1 जून (ब) 5 जून

(स) 12 जून (द) 18 जून

9. प्रतिदिन की जाने वाली सफाई को कहते हैं– 1

(अ) उत्तम सफाई (ब) अनिवार्य सफाई

(स) अनावश्यक सफाई (द) आवश्यक सफाई

10. गृह सज्जा का आवश्यक तत्व है– 1

(अ) उपयोगिता (ब) सुन्दरता

(स) अभिव्यक्ति (द) ये सभी

11. जल शुद्धिकरण के लिए किसका प्रयोग किया जाता है– 1

(अ) साधारण नमक (ब) जिंक ऑक्साइड

(स) ब्लीचिंग पाउडर (द) चूना

12. हमारे स्वास्थ्य के लिए किस प्रकार का प्रदूषण हानिकारक है– 1

(अ) जल–प्रदूषण (ब) ध्वनि प्रदूषण

(स) वायु प्रदूषण (द) ये सभी

13. मच्छरों से कौन–सा रोग फैलता है– 1

(अ) चेचक (ब) क्षय रोग

(स) मलेरिया (द) टाइफाइड

14. कुएँ के जल को शुद्ध करने के लिए उसमें क्या डालते हैं– 1

(अ) पोटैशियम परमैगनेट (ब) ब्लीचिंग पाउडर

(स) गन्धक (द) डी0 डी0 टी0

15. लाउडस्पीकर की आवाज से किस प्रकार का प्रदूषण फैलता है– 1

(अ) वायु प्रदूषण (ब) ध्वनि प्रदूषण

(स) मृदा प्रदूषण (द) जल प्रदूषण

16. सरकारी कर्मचारी को सेवा निवृत्ति के उपरान्त प्राप्त होती है– 1

(अ) वेतन (ब) पेंशन

(स) बोनस (द) इनमें से कुछ नहीं

17. बजट की मूलभूत आवश्यकताएँ क्या है– 1

(अ) भोजन (ब) आवास

(स) वस्त्र (द) ये सभी

18. किस चैक में वाएँ कोने पर दो समान्तर रेखाएँ खींच दी जाती हैं– 1

(अ) वाहक चैक (ब) क्रॉस चैक

(स) यात्री चैक (द) उपहार चैक

PDF.Hindustanknowledge.com

19. H_2O रासायनिक यौगिक सूत्र है– 1

(अ) वायु का (ब) जल का

(स) पृथ्वी का (द) इननें से किसी का नहीं

20. आवश्यकतानुसार जल ग्रहण करने से शरीर का तापमान – 1

(अ) बढ़ जाता है (ब) घट जाता है

(स) नियमित रहता है (द) अप्रभावित रहता है

खण्ड–ब [वर्णनात्मक प्रश्न]

अतिलघु उत्तरीय प्रश्न 2x6=12

21. बजट बनाने के दो लाभ लिखिए।

अथवा

पारिवारिक बचत से आप क्या समझते हैं?

22. अशुद्ध जल के प्रयोग से होने वाली दो हानियां लिखिए।

अथवा

दैनिक सफाई से आप क्या समझते हैं?

23. गृह गणित का क्या अर्थ है?

अथवा

जल प्राप्ति के मुख्य स्त्रोत कौन–कौन से हैं?

24. पर्यावरण प्रदूषण के कारण लिखिए।

अथवा

संक्रामक रोग किसे कहते हैं?

25. मोच के लक्षण लिखिए।

अथवा

सामान्य स्वस्थ अवस्था में नाड़ी की गति कितनी होती है?

लघु उत्तरीय प्रश्न 4x5=20

27. बजट का क्या अर्थ है? पारिवारिक बजट बनाने के चार लाभ लिखिए।

अथवा

पर्यावरण प्रदूषण का जन–जीवन पर पड़ने वाले प्रभावों को लिखिए।

28. संक्रामक रोग क्या हैं? तीन संक्रामक रोगों के नाम लिखिए।

अथवा

जल प्रदूषण के क्या कारण हैं?

29. गृह गणित का ज्ञान होना गृहिणी के लिए क्यों आवश्यक है?

PDF Hindustanknowledge.com

अथवा

4% वार्षिक ब्याज की दर से रू. 1800 का 6 वर्ष का साधारण ब्याज क्या होगा?

30. कठोर जल किसे कहते हैं? जल की कठोरता कितने प्रकार की होती है?

अथवा

रोगी को किस प्रकार का आहार देना चाहिए।

31. ठंडी सेंक कब दी जाती है? ठंडी सेंक देने की विधियाँ लिखिए।

अथवा

निर्जलीकरण क्या है? इसके लक्षण लिखिए

विस्तृत उत्तरीय प्रश्न 6x3=18

32. घर की सफाई से आप क्या समझती हैं? घर की सफाई के विभिन्न प्रकारों का वर्णन करो।

अथवा

घर की सजावट से आप क्या समझती हैं? घर की सजावट का क्या महत्व है?

33. पर्यावरण प्रदूषण का क्या तात्पर्य है? प्रदूषण के मानव जीवन पर पड़ने वाले प्रभाव का वर्णन कीजिए।

अथवा

पारिवारिक बचत से आप क्या समझती हो? बचत का क्या महत्व है? किन साधनों द्वारा बचत को सुरक्षित रखा जा सकता है?

34. गर्म पानी की बोतल के प्रयोग की विधि बताइए।

अथवा

बेबी फ्रॉक की प्रामाणिक नाम लिखते हुए उसकी ड्राफ्टिंग तैयार कीजिए।

PDF Hindustanknowledge.com